# गधे और घोड़े की जोड़ी

एक गधे और एक घोड़े का
एक जोड़ा था
घोड़ा पूरा गधा था और वो गधा
ज़रा घोड़ा था

जब भी जुते साथ में दोनों
साथ नहीं दौड़े
जो भी हुआ सवार उसी के
हाथ पैर तोड़े

चित्रः अतनु राय

2010 अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता वर्ष

## 2. ठहरे पानी का चावल

कर्नाटक में तुंगभद्रा की एक सहायक नदी है वेरदा। यहाँ मॉनसूनी बारिश बहुत ज़्यादा और लम्बी होती है। नदियाँ उफान पर होती हैं। हर ओर पानी जमा हो जाता है। लम्बे समय तक पानी में डूबे रहने से किसी भी फसल का ज़िन्दा रहना मुश्किल होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में चावल की कुछ खास प्रजातियाँ ही पनप पाती हैं। जैसे नेरेगुली, करीजेड्डु और बिलिजेड्डु। पानी में कुछ हफ्तों तक डूबे रहने के बावजूद इस चावल का कुछ नहीं होता है। नेरेगुली गहरे पानी की सबसे लोकप्रिय किस्म साबित हुई है। वेरदा घाटी के अलावा गहरे पानी की किस्में बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल, गोदावरी घाटी और पश्चिमी घाट के वन क्षेत्रों में भी पाई जाती है।

फोटो: आमोद कारखानिस